<u>कार्यालय जनपद न्यायाधीश, मुजफ्फरनगर।</u>

दिनांक 01 जून 2020

<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद के पत्रांक 3290/2020/आर.(जे)(आई)/एडमिन 'जी–I' दिनांकित 29 फरवरी 2020 के अनुपालन में जनपद न्यायालय, मुजफ्फरनगर में 02 विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट, मुजफ्फरनगर की नियुक्ति की जानी है।

अतः उपरोक्त नियुक्ति में, जो व्यक्ति दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 13 में उल्लिखित विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट की शर्त पूरी करते हों और जो सरकार के अधीन कोई पद धारण करता हो अथवा धारण किया हो तथा विधि में उपाधि धारक हों अथवा जो लीगल अफेयर्स से संबंधित मामलों में विशष अनुभव रखते हों, वे व्यक्ति माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद की अधिकारिक वेबसाईट **www.allahabadhighcourt.in** से आवेदन पत्र डाउनलोड करके निर्धारित प्रारूप पर फार्म भरकर अपने अन्तिम पॉच वर्ष की वार्षिक प्रविष्टि के साथ संलग्न कर पूर्णतया भरे हुए आवेदन पत्र माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद की वेबसाईट पर विज्ञप्ति प्रकाशित होने के **60 दिन** के अन्दर कार्यालय जनपद न्यायाधीश, मुजफ्फरनगर को प्रेषित करें, जिससे कि विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट, मुजफ्फरनगर की नियुक्ति के लिये माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद को संस्तुति की जा सके।

1-6-2020

(राजीव शर्मा)
जनपद न्यायाधीश,
मुजफ्फरनगर।